प्रादेशिक समाचार
दिनांक–21.03.2024 (दोपहर–1455 बजे)

आम चुनाव को ध्यान में रखते हुए निर्वाचन आयोग भ्रामक सूचना की चुनौतियों से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार है। आयोग ने कड़े दिशा–निर्देश जारी करते हुए सभी हितधारकों से जिम्मेदारीपूर्ण व्यवहार करने और सतर्क रहने का आग्रह किया है। आयोग का कहना है कि किसी प्रकार की सूचना का प्रसार करने से पहले राजनीतिक पार्टियां उनकी जांच अवश्य करें। भ्रामक सूचना से लोकतंत्र की प्रक्रिया को क्षति हो सकती है।

****

झारखंड मुक्ति मोर्चा की पूर्व विधायक सीता सोरेन को केंद्र सरकार ने जेड श्रेणी की सुरक्षा दी है। सीता सोरेन ने पिछले 19 मार्च को झामुमो से इस्तीफा देने के बाद दिल्ली में भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर ली थी। इससे पहले पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन को भी वाई श्रेणी की सुरक्षा दी जा चुकी है। राज्य पुलिस ने पिछले महीने कुल एक सौ उन्नीस लोगों की सुरक्षा की समीक्षा कर उन्हें विभिन्न श्रेणियों की सुरक्षा प्रदान की थी।

****

झारखंड हाईकोर्ट ने जिमखाना क्लब की जमीन पर बन रहे न्यूक्लियस मॉल को लेकर एकल पीठ के आदेश के खिलाफ यूनियन ऑफ इंडिया की ओर से कैप्टन सुष्मिता बनर्जी की अपील पर आज फैसला सुनाया है। न्यायाधीश सुजीत नारायण प्रसाद की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने यूनियन ऑफ इंडिया की ओर से कैप्टन सुष्मिता बनर्जी की अपील को स्वीकृत कर लिया। साथ ही एकल पीठ के आदेश को निरस्त कर दिया है। कोर्ट ने पूर्व में दोनों पक्षों की सुनवाई के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया था।

****

देवघर में होल्डिंग टैक्स जमा नहीं कराने वाले बड़े बकायेदारों के खिलाफ निगम प्रशासन ने कार्रवाई शुरू कर दी है। नगर प्रशासक योगेंद्र प्रसाद ने चिह्नित 12 बकायेदारों का खाता फ्रीज करते हुए लेन–देन पर रोक लगाने के लिए संबंधित बैंकों को पत्राचार किया है। निगम प्रशासन ने बैंकों को खाता फ्रीज करने से संबंधित कार्रवाई की जानकारी उपलब्ध कराने को कहा है।

****

राजधानी रांची की तरह अब धनबाद में भी दोपहिया वाहनों पर पीछे बैठने वालों के लिए हेलमेट लगाना अनिवार्य होगा। विस्तृत जानकारी दे रहे हैं हमारे संवाददाता–

****

लोकसभा चुनाव की घोषणा के साथ ही जिलों में सरगर्मी बढ़ गई है। इसी क्रम में आज चतरा जिले में दो प्रमुख राजनीतिक दलों ने होली मिलन समारोह का आयोजन किया। जिले के हंटरगंज में आयोजित राजद के मिलन समारोह में स्थानीय विधायक और मंत्री सत्यानंद भोक्ता शामिल हुए, वहीं भाजपा कार्यालय में जिलाध्यक्ष रामदेव सिंह भोगता की अध्यक्षता में कार्यकर्ताओं ने एक–दूसरे को अबीर–गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। इधर, जिले के पत्थलगडा में आज शाम शांति समिति की बैठक बुलाई गई है।

****

होली के दौरान यात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे पांच सौ चालीस विशेष रेलगाडियों का परिचालन कर रहा है। रेल मंत्रालय ने बताया रांची से गुवाहाटी, दिल्ली से पटना और कोलकाता से पुरी के अलावा अन्य जगहों के लिए विशेष ट्रेन चलाई जा रही है। यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रमुख स्टेशनों पर अतिरिक्त रेलवे सुरक्षा बल की तैनाती की गई है। वहीं रेलगाडियों के सुचारू परिचालन के लिए प्रमुख स्टेशनों पर अधिकारियों की आपात ड्यूटी भी लगाई गई है।

****

झारखंड की छह जूनियर महिला हॉकी खिलाड़ियों को इंडिया कैंप में आमंत्रित किया गया है। इसमें नीरु कुल्लू, रजनी केरकेट्टा, बिनिमा धान, निराली कुजूर, निशा मिंज और संजना होरो शामिल हैं। इन्हें साई सेंटर बंगलुरु में आयोजित जूनियर भारतीय महिला हॉकी टीम के राष्ट्रीय कैंप में बुलाया गया है। इनमें से पांच खिलाड़ी झारखंड सरकार के खेल विभाग द्वारा संचालित एकलव्य हॉकी सेंटर रांची में प्रशिक्षण प्राप्त कर रही हैं। वहीं एक अन्य खिलाड़ी का प्रशिक्षण कोलकाता के साई सेंटर में चल रहा है।

******समाप्त***********